

## न्यूट्रल वेन्यू पर नहीं खेली जाएगी पाकिस्तान-श्रीलंका सीरीजः पीसीबी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने साफ कर दिया है कि इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज किसी न्यूट्रल वेन्यू (तटस्थ स्थान) पर नहीं खेली जाएगी। श्रीलंका का पाकिस्तान दौरा पूरी तरह से तय था लेकिन फिर श्रीलंका के प्रधानमंत्री कार्यालय को उनकी टीम पर संभावित आंतकी हमले की सूचना मिली। इसके बाद, श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि उसे पास्तिान दौर के अपनी योजना का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। पाकिस्तान इस स्थिति पर बेहद करीब से नजर बनाए हुए है, लेकिन सीरीज को किसी न्यूट्रल वेन्य पर ओयाजित कराने का सवाल ही पैदा नहीं होता।

रिपोर्ट के अनुसार, पीसीब का यह मानना है कि अगर सीरीज किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेली जाती है तो पाकिस्तान में दोबारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शुरू करने की उनकी योजना खतरे में पड़ जाएंगी। बोर्ड का यह भी मानना है कि ऐसा करने से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के लिए विदेश खिलाड़ियों को पाकिस्तान में बुलाना भी मुश्किल होगा।

# बीसीसीआई सुनिश्चित करे की सौरभ गांगुली एक पद से ज्यादा पर न रहें

### डीके जैन ने साफ किया कि बीसीसीआई को इस मामले का ध्यान रखना होगा

**ऐलान**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एथिक्स अधिकारी डीके जैन ने बोर्ड से साफ कह दिया है कि सौरभ गांगुली का हितों का टकराव का मुद्दा 'टैक्टेबल' (आसानी से प्रभावित होने वाला) है और वह अपनी पदों के चयन पर ध्यान दें। साथ ही ख्याल रखें कि वह एक पद से ज्यादा पर न रहें। जैन ने हितों के टकराव के मुद्दे में हालांकि गांगुली को संदेह होने का फायदा दिया है, लेकिन साथ ही कहा है कि उन्हें एक पद से ज्यादा पर सवार नहीं रहना चाहिए।

इसे लेकर जैन ने बीसीसीआई को एक पत्र लिखा है। उन्होंने कहा, 'हालिया मामले में, गांगुली को जो नोटिस दिया गया था जिसमें लिखा था कि अगर एथिक्स अधिकारी को लगा कि सीएसी में उनका रहना हितों के टकराव का मुद्दा है जो नियम 38 में है, ऐसे में इन शिकायतों को लेकर उनका जवाब तुरंत प्रभाव से उनके इस्तीफे के तौर पर मान लिया जाएगा, दूसरा यह कि उनका आईपीएल फ्रैंचाइजी से करार तुरंत प्रभाव से खत्म होगा। मैं यह साफ करता हूं कि इस मामले में हितों का टकराव ट्रैक्टेबल है।



**संदेह का लाभः** उन्होंने कहा, 'हालांकि यह साफ है कि कानून का ज्ञान ने होना बहाना नहीं हो सकता। गांगुली को 38(2) के नियम के तहत जरूरी जानकारी देनी थी, लेकिन इस बात को ध्यान में रखते हुए कि नियम अगस्त 2018 से अस्तित्व में आया, मैं गांगुली को संदेह का लाभ दे रहा हूं कि शायद उन्होंने पद स्वीकार करते हुए यह पता न हो कि यहां हितों का टकराव है।' उन्होंने लिखा, 'साथ ही, मैं बीसीसीआई को निर्देश देता हूं कि वह इस बात को सुनिश्चित करे कि गांगुली ऐसी स्थिति से बचें जहां हितों का टकराव आड़े आए और उन्हें नियम 38 (4) के मुताबिक एक पद पर ही बने रहने दें।'

**क्या है पूरा मामला?ः** दरअसल, सौरभ गांगुली पर कैब अध्यक्ष, सीएसी सदस्य और दिल्ली कैपिटल्स के सलहकार के तौर पर तीन भूमिका निभाने के लिए हितों के टकराव का आरोप लगा था। नियम के मुताबिक कोई भी बीसीसीआई में एक से अधिक पद पर नहीं रह सकता। मामला सामने आने के बाद गांगुली सीएसी से अलग हो गए थे। बता दें कि इस तरह के विवाद में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंडुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण पर भी फंस चुके हैं।

# पंत में अपार प्रतिभा, खुद के बजाय दूसरों की गलतियों से सीखेंः क्लूजनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

धर्मशाला। साउथ अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर लांस क्लूजनर को लगता है कि ऋषभ पंत जैसी बेहतरीन प्रतिभा के धनी खिलाड़ी को खुद के बजाय अन्य की गलतियों से सीख लेनी चाहिए। क्लूजनर ने कहा कि निकट भविष्य में भारत के लिए और अधिक निरंतर प्रदर्शन के मद्देनजर पंत को ऐसा करना चाहिए। क्लूजर का मानना है कि पंत की काबिलियत देखते हुए वनडे में 22.90 और टी20 में 21.57 का औसत बेहतरीन नहीं दिखता लेकिन यह दिखाता है कि वह समय से आगे चल रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका टीम के बल्लेबाजी कोच के तौर पर 48 साल के क्लूजनर इस समय भारत में हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह बताना काफी मुश्किल होगा लेकिन उनके जैसा बेहतरीन खिलाड़ी खुद से आगे बढ़ने की कोशिश करता है।'

■पंत जैसा खिलाड़ी खुद से आगे बढ़ने की कोशिश करता है

क्लूजनर जब दिल्ली की सफेद गेंद वाली सीनियर टीम के सलाहकार थे, तब उन्हें पंत के खेल को देखने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'पंत को खुद को थोड़ा समय देना चाहिए और थोड़ा सा समय उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका प्रदान करेगा।' लोग सोचते हैं कि खिलाड़ी अधिकतर चीजें अपनी गलतियों से सीखते हैं लेकिन क्लूजनर का मानना है कि अगर खिलाड़ी अन्य की गलतियों से सीख लेता है तो यह काफी फायदेमंद साबित होगा।



क्लूजनर ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में क्या चीज आपको आगे ले जाती है, वह है खुद गलतियां किए बिना अन्य की गलतियों से सीख लो। आप अपनी गलतियों से भी सीख सकते हो लेकिन गलती को महसूस करने, उसे सही करके बेहतर खिलाड़ी बनने में काफी समय लगता है। अगर आप अन्य खिलाड़ी को गलती करते हुए देखते हो तो आप तेजी से सीखोगे और तेजी से सुधार करोगे।'

## नाओमी ओसाका ने इस साल दूसरी बार कोच बदला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापानी टेनिस सुपरस्टार नाओमी ओसाका ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह अपने कोच जमेर्न जेनकिन्स के साथ काम नहीं करेंगी। इस तरह उन्होंने इस साल दूसरा कोच बदला। वह इस समय फॉर्म में नहीं हैं और विश्व रैंकिंग में भी नीचे खिसक गई हैं। पैन पैसिफिक ओपन टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर 21 साल की खिलाड़ी ने घोषणा की कि वह अब कोच के साथ काम नहीं करेंगी।

जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीत के बाद जेनकिन्स उनकी टीम से जुड़े थे। ओसाका ने ट्वीट किया, 'आप सभी को यह बताने के लिए लिख रही हूं कि मैं और जे अब एक साथ काम नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा, 'उनके (कोच) साथ जो समय बिताया, उसके लिए शुक्रगुजार हूं। मैंने उनसे कोर्ट के अंदर और बाहर काफी कुछ सीखा लेकिन अब मुझे कोच बदलने का सही समय लग रहा है। सब चीजों के लिए शुक्रिया।'

## न्यूज डायरी



## इंग्लैंड दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगी रानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्टार फारवर्ड रानी रामपाल को शुक्रवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बनाया गया जो 27 सितंबर से मारलो में शुरू हो रही पांच मैचों की सीरीज में इंग्लैंड से भिड़ेगी। सीरीज 27 सितंबर से चार अक्टूबर तक खेल जाएगी और गोलकीपर सविता उप कप्तान होंगी। हाल में जापान में ओलिंपिक टेस्ट प्रतियोगिता में टीम की जीत के बाद सविता और रजनी इतिमारपू ने टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, रीना खोखर और सलीमा टेटे को भी टीम में रखा गया है। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा कि मिडफील्ड में अनुभवी नमिता टोप्पो की वापसी हुई है जो चोट के कारण बाहर थीं। भारतीय मिडफील्ड में अनुभवी खिलाड़ी सुशीला चानू पुखराम्बाम, निक्की प्रधान, मोनिका, नेहा गोयल और लिलिमा मिंज शामिल है।

## हॉन्ग कॉन्ग में विरोध प्रदर्शन के कारण डब्ल्यूटीए प्रतियोगिता स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हॉन्ग कॉन्ग। विरोध प्रदर्शन के कारण शुक्रवार को हॉन्ग कॉन्ग के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में से एक डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस) प्रतियोगिता को स्थगित कर दिया गया है। डब्ल्यूटीए हॉन्ग कॉन्ग ओपन महिला टेनिस टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि पिछले कई महीने से हो रही लोकतंत्र समर्थक हिंसक प्रदर्शन की 'मौजूदा स्थिति' को देखते हुए अगले महीने होने वाली प्रतियोगिता को निलंबित कर रहे हैं। हॉन्ग कॉन्ग टेनिस संघ ने एक बयान में कहा, 'अपने हितधारकों से लंबी चर्चा के बाद हम इस नजीते पर पहुंचे हैं कि टूर्नामेंट को बाद में कराना सही रहेगा। हॉन्ग कॉन्ग ओपन का आयोजन पांच से 13 अक्टूबर तक होना था। इस टूर्नामेंट में पहले वीनस विलियम्स, एंजेलिक कर्बर और कैरोलिन वोज्नियाकी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी भाग ले चुकी हैं।

## संन्यास के बाद दूसरी बार वापसी करेंगी किम क्लाइस्टर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रसल्ज। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 बेल्जियम की महिला टेनिस खिलाड़ी किम क्लाइस्टर्स 36 साल की उम्र में एक बार फिर से कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं। किम 2020 में होने वाले डब्ल्यूटीए से टेनिस में वापसी करेंगी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, किम का मानना है कि वह इसे एक चुनौती के रूप में लेना चाहती हैं और कुछ भी साबित नहीं करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसा कुछ नहीं सोचती मैं कुछ साबित करना चाहती हूं। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए चुनौती की तरह है।' किम ने साल 2007 में संन्यास ले लिया था जब वह पहले बच्चे को जन्म देने वाली थी। इसके बाद उन्होंने दो साल बाद 2009 में वापसी की थी और यूएस ओपन तथा ऑस्ट्रेलियन ओपन अपने नाम किया था। चोट के कारण हालांकि उन्होंने साल 2012 में फिर से संन्यास ले लिया था।

## दुर्योधन अगले दौर में, सभी भारतीय आगे बढ़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एकातेरिनबर्ग (रूस)। राष्ट्रीय चैम्पियन दुर्योधन सिंह नेगी (69 किग्रा) ने शुक्रवार को यहां विश्व पुरुष मुक्केबाजी चौम्पियनशिप के शुरुआती मुकाबले में अर्मेनिया के कोरयुन अस्तोयान को 4-1 से शिकस्त देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। इस भारतीय का सामना सोमवार को राउंड 32 में जोर्डन के छठे वरीय जेयाद इयशाश से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली। अर्मेनियाई मुक्केबाज भारतीय की तुलना में ज्यादा मजबूत था लेकिन उसके पंच इतने ताकतवर नहीं थे। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदकधारी मनीष कौशिक (63 किग्रा) और ब्रिजेश यादव (81 किग्रा) ने इससे पहले अपनी शुरुआती बाउट जीतकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। वहीं एशियाई चौम्पियन अमित पंघाल (52 किग्रा) और एशियाई रजत पदक जीतने वाले दो मुक्केबाज कविंदर सिंह बिष्ट (57 किग्रा) और आशीष कुमार (75 किग्रा) को पहले दौर में बाई मिली।